Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006
Participants : Kripalani Shri Srichand

an>

Title : Need to open a LPG outlet at Ramganj Mandi in Kota district, Rajasthan.

श्री श्रीचन्द कृपलानी (चित्तौड़गढ़) : अध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र के कोटा जिले में रामगंज मंडी है, जिसकी आबादी 50 हजार के लगीग है तथा यह मण्डी कोटा स्टोन व धनिया की विश्व प्रसिद्ध मण्डी है, जिसमें गैस एजेंसी नहीं होने के कारण लोगों को लगभग 10-12 कि0मी0 दूर सुकेत से गैस सिलेण्डर लाना पड़ता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है।

महोदय, पूर्व में दो बार रामगंज मण्डी में गैस एजेंसी खोलने के लिए विज्ञप्ति जारी की गयी थी, परन्तु अभी तक गैस एजेंसी नहीं खोली गयी।

अतः आपके माध्यम से मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कोटा जिले के रामगंज मण्डी में गैस एजेंसी खोलने की कृपा करें जिससे क्षेत्रीय जनता की कठिनाइयों को दूर किया जा सके।